Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Return of Deposits to the People who have Invested in Sahara India Group- Laid.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): मैं सरकार का ध्यान सहारा इंडिया समूह में निवेशको का पैसा भुगतान करने के संबंध में आकर्षित करना चाहता हूँ|

देश के करोड़ों गरीब मजदूर किसानों ने अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई से बचत कर अपने भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहारा इंडिया समूह में पैसा निवेश किया था लेकिन विगत 5 वर्षों से मैच्योर होने के बाद भी गरीबों का रुपया भुगतान नहीं किया जा रहा है, न बचत खाते में राशि लौटाई जा रही है। पैसे के कारण देश में इलाज नहीं होने के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है और कितने गरीब लोगों की बेटियों की सगाई रुक गई एव कितने लोगो ने आत्महत्या कर ली | इसके कारण देशभर में सहारा समूह के कर्मचारियों एवं निवेशको ने आंदोलन किया, इसमें निवेश करने वाले सभी ग्रामीण क्षेत्र के गरीब किसान मजदूर है। इसलिए हम सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि लगभग 25,781.37 करोड़ रुपया जो मजदूर गरीब किसान का पैसा जमा है, उसे अविलंब भुगतान कराया जाए |